# कार्य पत्रिका

## कक्षा- सात और आठ

## विषय - व्याकरण

## उप विषय- उपसर्ग-प्रत्यय,समास

## वाक्य, वाच्य, अलंकार, अव्यय

**दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए-**

प्रश्न1- अनुचित शब्द में उपसर्ग है

क) अनु

ख) अनू

ग)अन

घ) अन्न

प्रश्न2- उन्यासी शब्द में उपसर्ग है

क) उन

ख) उन्

ग) उ

घ) उत्

प्रश्न3- सम्मुख शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?

क) सु

ख) सम्

ग) सम

घ) स

प्रश्न4- उपसर्ग का प्रयोग होता है

क) शब्द के मध्य में

ख) शब्द के अंत में

ग) शब्द के आदि में

घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न5- बहुतायत में प्रत्यय बताइए ।

क) यत

ख) अत

ग) आयत

घ) आत

प्रश्न6- इनमें से किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं

क) आध्यात्मिक

ख) लुभावना

ग) बुढ़ापा

घ) लूटेरा

प्रश्न7- 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन सा है ?

क) बह

ख) आव

ग) आव

घ) आवा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

प्रश्न1-व्यवस्था से पूर्व कौन सा उपसर्ग लगाएं कि उसका अर्थ विपरीत हो जाए ?

प्रश्न2- जो धातु या शब्द के अंत में जोड़ा जाता है उसे क्या कहते है ?

.प्रश्न3- गमन शब्द को विपरीतार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे ?

प्रश्न4- कोई तीन शब्द लिखिए जिसमें उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हो ।

प्रश्न5- 'ईला' प्रत्यय लगाकर तीन शब्द बनाइए ।

प्रश्न6- 'प्र' उपसर्ग लगाकर तीन शब्द बनाइए ।

प्रश्न7- 'सुगंधित' शब्द में से उपसर्ग, मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए ।

# समास

दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए-

प्रश्न1- राजपुत्र में कौन सा समास है?

क)अव्ययीभाव

ख) तत्पुरुष

ग) कर्मधारय

घ) द्विगु

प्रश्न2- निम्नांकित में कौन-सा पद अव्ययीभाव समास है ?

क) गृहागत

ख) आचारकुशल

ग) प्रतिदिन

घ) कुमारी

प्रश्न3-आजन्म में कौन सा समास है?

क) तत्पुरुष

ख) द्वंद्व

ग) द्विगु

घ) अव्ययीभाव

प्रश्न4- इनमें द्वंद्व समास का उदाहरण है-

क) पीताम्बर

ख) नीलकमल

ग) चौराहा

घ) रुपया-पैसा

प्रश्न5- घुड़दौड़’ का समास-विग्रह बताइए ?

क) घोड़े जैसी तेज़ दौड़

ख) घोड़े की दौड़

ग) दौड़ने वाला घोड़ा

घ) घोड़ा और दौड़

प्रश्न6- जिस समास का पूर्वपद (पहलापद) प्रधान हो,
उसे कौन-सा समास कहते है ?

क) संबंध तत्पुरुष

ख) कर्मधारय

ग) अव्ययीभाव

घ) द्वंद्व

प्रश्न7 जिस समास के दोनों पद अप्रधान होते हैं, वहाँ पर कौन-सा समास होता है?

क) द्वन्द्व

ख) द्विगु

ग) तत्पुरुष

घ) अव्ययीभाव

प्रश्न8- जिस समास में उत्तर पद प्रधान होने के साथ ही साथ पूर्व पद तथा उत्तर पद में विशेषण विशेष्य का संबंध भी होता है उसे कौन सा समास कहते हैं ?

क) तत्पुरुष

ख) द्वंदव

ग) कर्मधारय

घ) बहुव्रीहि

प्रश्न9- यथाशक्ति का सही विग्रह क्या होगा ?

क) जितनी शक्ति

ख) जैसी शक्ति

ग) यथा जो शक्ति

घ) शक्ति के अनुसार

# वाक्य

**दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए-**

प्रश्न1- तुम क्या पढ़ रहे हो? – कौन सा वाक्य है ?

क) प्रश्नवाचक

ख) आज्ञावाचक

ग) इच्छावाचक

प्रश्न2- 'मोहन नहीं आने वाला है'-वाक्य का प्रकार पहचानिए।

क) आज्ञावाचक

ख) निषेधवाचक

ग) संदेहवाचक

प्रश्न 3- यदि परिश्रम करोगे तो सफल हो जाओगे। कौन सा वाक्य है ?

क) विस्मयवाचक

ख) संकेतवाचक

ग) इच्छावाचक

प्रश्न4- रचना या बनावट की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं?

क) तीन
ख) चार
ग) पाँच

प्रश्न5- 'सोहन क्रिकेट खेलता है' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

क) सरल वाक्य
ख) मिश्रित वाक्य
ग) संयुक्त वाक्य

प्रश्न6- निम्नलिखित किस वाक्य में मिश्रित वाक्य नहीं है?

क) बादल गिरे किंतु बरसे नहीं
ख) जैसे ही वर्षा शुरू हुई मोर नाचने लगे।
ग) जैसे ही रात हुई आकाश में तारे टिमटिमाने लगे।

प्रश्न7- 'जब यात्री आएँगे तब बस छूटेगी' वाक्य में रचना के आधार पर वाक्य भेद छाँटिए ।

क) संयुक्त वाक्य
ख) समूह वाक्य
ग) मिश्रित वाक्य

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

प्रश्न1- अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

प्रश्न2- 'क्या अब आप घर जाएँगे ?' किस वाक्य से संबंधित है ?

प्रश्न 3 - 'राम आया; सब प्रसन्न हो गए।' वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

प्रश्न 4 - 'उसने पिज्जा खाया और चक्कर खाकर गिर पड़ा'- वाक्य को मिश्रित वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

प्रश्न 5 - 'राधा दौड़कर मेरे पास आई।' वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए ।

प्रश्न 6 - 'ममता आई और चली गई। वाक्य का सरल रूप क्या होगा ?

प्रश्न 7 - 'सांझ हुई और पक्षी घोंसले में आ गए।' वाक्य को मिश्रित वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

प्रश्न 8- 'आप पानी पिएँगे अथवा जूस।' वाक्य का भेद लिखिए ।

प्रश्न 9- जिस वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य जुड़े हो परंतु उनमें एक प्रधान उपवाक्य हो तथा दूसरा आश्रित उपवाक्य हो तो उसे कौन सा वाक्य कहते हैं?

प्रश्न10- जिस वाक्य में एक कर्ता और एक क्रिया होती है वहाँ कौन वाक्य होता है?

## वाच्य

दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए--

**1. वाच्य के कितने भेद होते हैं ?**
i) एक
ii) दो
iii) तीन
iv) चार

**2. जब क्रिया का प्रयोग कर्ता के लिंग, वचन और कारक के अनुसार होता है, तब कौन सा वाच्य होता है?**
i) कर्मवाच्य
ii) कर्तृवाच्य
iii) भाववाच्य
iv) मिश्र वाच्य

**3. 'रोहन ने दिनेश को डंडे से मारा' वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?**
i) कर्मवाच्य
ii) भाववाच्य
iii) कर्तृवाच्य
iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4. 'राहुल धीरे-धीरे चलता है'  वाक्य में वाच्य भेद बताइए |**
i) कर्तृवाच्य
ii) कर्मवाच्य
iii) भाववाच्य
iv) मिश्र वाक्य

**5. ' सुनार गहने बनाता है' वाक्य में वाच्य भेद बताइए||**
i) कर्मवाच्य
ii) कर्तृवाच्य
iii) भाववाच्य
iv) उपर्युक्त सभी

**6. जब क्रिया का रूप कर्म के अनुसार बदलता है तब कौन सा वाच्य होता है ?**
i) कर्तृवाच्य
ii) भाववाच्य
iii) कर्मवाच्य
iv) मिश्र वाक्य

**7. 'शिकारी द्वारा शिकार किया जाता है' वाक्य में वाच्य भेद बताइए||**
i) कर्तृवाच्य
ii) भाववाच्य
iii) कर्मवाच्य
iv) मिश्र वाक्य

**8. 'राकेश द्वारा पत्र लिखा जाता है' वाच्य भेद बताइए।**
i) कर्मवाच्य
ii) भाववाच्य
iii) कर्तृवाच्य
iv) उपर्युक्त सभी

**9. 'दीपक ने गाना गाया ' वाक्य में वाच्य भेद बताइए||**
i) कर्तृवाच्य
ii) कर्मवाच्य
iii) भाववाच्य
iv) उपर्युक्त सभी

**10. 'अमित से दौड़ा नहीं जाता' वाक्य में वाच्य भेद बताइए||**
i) कर्तृवाच्य
ii) कर्मवाच्य
iii) भाववाच्य
iv) उपर्युक्त कोई नहीं

**11. उसने भोजन कर लिया वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए |**
i) उसने भोजन किया
ii) उसके द्वारा भोजन नहीं किया गया
iii) उसके द्वारा भोजन कर लिया गया
iv) उपर्युक्त कोई नहीं

**12. 'रीता सो भी नहीं सकती' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।**
i) रीता द्वारा सोया गया
ii) रीता से सोया भी नहीं जाता
iii) रीता ने नहीं सोया
iv) उपर्युक्त कोई नहीं

**13. 'प्रेमचंद द्वारा गबन लिखा गया' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।**
i) प्रेमचंद ने गबन लिखा

ii) गबन प्रेमचंद द्वारा लिखी गई
iii) गबन प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यास है
iv) प्रेमचंद से गबन लिखा गया

**14. 'राकेश से रोया नहीं जाता' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।**
i) राकेश नहीं रोता
ii) राकेश द्वारा रोया जाता है
iii) राकेश रोने के लिए उत्सुक है
iv) उपर्युक्त कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए **--**
i) कुसुम कविता सुनाएगी ।
ii) बच्चा दूध पीता है ।
iii) दीदी कपड़े सिल रही हैं ।

**16.**निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृवाच्य में बदलिए**--**
i) छात्रों से प्रश्न लिखवाए जाते हैं ।
ii) छात्रों के द्वारा पाठ पढ़ा जा रहा है ।
iii) नानी से कहानी सुनाई जाती है

**17.**निम्नलिखित वाक्यों को भाव वाच्य में बदलिए**--**
i) रमा नहीं उठती ।
ii) भुवन सो रहा है ।
iii) अरुण नहीं सुनता ।

**18.**निम्नलिखित वाक्यों में से वाच्य भेद पहचानिए**--**
i) पुलिस द्वारा भीड़ पर गोली चलाई गई ।
ii) लड़की से खाया नहीं जाता ।
iii) कवियों से कविताएँ लिखी गई हैं।
iv)छात्रों के द्वारा पाठ पढ़ा जा रहा है।
v) मोहन ने पत्र लिखा ।

# अलंकार

# शब्दालंकार

### निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार छाँटिए –

1. चारू चंद्र चंचल किरणे, खेल रही थी जल–थल में।
(क) अनुप्रास
(ख) यमक

(ग) श्लेष
(घ) उपमा

2. जे तीन बेर खाती थी ते तीन बेर खाती है।
(क) श्लेष
(ख) यमक
(ग) अनुप्रास
(घ) उपमा

3. सुबरन को ढूँढ़त फिरत, कवि, व्यभिचारी, चोर।
(क) यमक
(ख) उपमा
(ग) श्लेष
(घ) अनुप्रास

4. काली घटा का घमंड घटा ।
(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) रूपक

5. कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय, या खाए बौराए जग, वा पाए बौराए।
(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

6. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।
(क) रूपक
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) अनुप्रास

7. जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत की सोय।

बारे उजियारो करे बढ़ै अँधेरो होय।

(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

8.**निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए** -

(क)  मंगन को देख पट देत बार-बार।

(ख) रघुपति राघव राजा राम।

(ग)  मुदित महीपति मंदिर आए।

(घ) कहै कवि बेनी बेनी ब्याल की चुराई लीनी।

(ङ)  रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून।

पानी गए न ऊबरे मोती मानुस चून।

(छ) मुदित महीपति मंदिर आए,  सेवक सचिव सुमंत बुलाए।

9. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए--

(क) अलंकार का शाब्दिक अर्थ----- है ।

(ख) अलंकार काव्य की ----- को बढ़ाता है।

(ग) अलंकार के मुख्य----- भेद हैं ।

(घ) शब्दालंकार के -----भेद हैं।

(ङ ) काव्य पंक्ति में जहाँ एक ही वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है वहाँ ----- अलंकार होता है ।

# अर्थालंकार

1. पीपर पात सरिस मन डोला |
(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

2. हँसने लगे तब हरि अहा, पूर्णेन्दु सा मुख खिल गया |
(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

3. नीलकमल–से सुन्दर नयन |
(क) अनुप्रास

(ख) यमक
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

4. पायो जी मैंने राम–रतन धन पायो |
(क) रूपक
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) अनुप्रास
(घ) श्लेष

5. चरण कमल बंदौ हरिराई- में कौन सा अलंकार है।

(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) रूपक
(घ) उपमा

6.बाण नहीं पहुंचे शरीर तक ,शत्रु गिरे पहले ही भू पर।
(क) अतिशयोक्ति
(ख) यमक
(ग) रूपक
(घ) उपमा

7. उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।

मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जगा।

(क) रूपक
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) श्लेष
(घ) उपमा

8. **निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए** -

(क) नील गगन-सा शांत हृदय था हो रहा।

(ख) हनुमान की पूँछ में, लगन न पाई आग।
लंका सगरी जल गई, गए निसाचर भाग।

(ग) देख लो साकेत नगरी है यही स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही।

(घ) ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक।

(ङ) मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहौं।

# अविकारी शब्द-अव्यय

## दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए--

**1.** क्रिया विशेषण के भेद हैं **-**
(i) तीन
(ii) चार
(iii) पाँच
(iv) आठ

**2.** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों के साथ प्रकट करते हैं वे क्या कहलाते हैं **?**
(i) संबंधबोधक
(ii) क्रिया
(iii) क्रियाविशेषण
(iv) सर्वनाम

**3.** क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं -
(i) क्रियाविशेषण
(ii) संबंध बोधक
(iii) समुच्चयबोधक
(iv) निपात

**4.** अव्यय के कितने भेद हैं **?**
(i) तीन
(ii) चार
(iii) पाँच
(iv)छह

**5.** जो शब्द हर्ष **,** शोक **,** घृणा **,**आश्चर्य **,**भय **,** विस्मय आदि भावों को प्रकट करते हैं वे क्या कहलाते हैं**?**

(i) समुच्चयबोधक
(ii) विस्मयादिबोधक
(iii) निपात
(iv) संबंधबोधक

**6. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द छाँटकर भेद लिखिए --**

(**i)** चाहत बहुत हँसती है।

**(ii)** ठंड के मारे उसका बुरा हाल है।

**(iii)** वाह ! रमा प्रथम आई है।

**(iv)** मोहन प्रथम आया क्योंकि उसने पढ़ाई की थी।

**(v)** तुम्हें घमंडी नहीं बल्कि विनम्र होना चाहिए।

**(vi)** तुमने मुझे अपने आने की खबर तक नहीं दी।

**7.** रिक्त स्थान में निर्देशानुसार अव्यय शब्द भरिए --

**(i)** वह नहीं आ सका------ वह बीमार है। **(**समुच्चयबोधक अव्यय)

**(ii) ------**भव्य तुमसे यही आशा थी। **(**विस्मयादिबोधक अव्यय)

**(iii)** मोहन --------- खेल रहा है। **(**क्रिया विशेषण अव्यय )

**(iv)** उसे ------- यहाँ बुलाओ। **(** निपात)

**(v)** मेरे घर **------** एक पार्क है। **(**संबंधबोधक अव्यय )